Phone : (Office) 0522-2287068
(Office) 0522-2287233
Fax : (Office) 0522-2286471
E-mail: upgwd.in@gmail.com
Website-http://upgwd.gov.in

प्रेषक,

निदेशक,
भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश,
9वाँ तल, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग,
लखनऊ।

सेवा में,

तकनीकी निदेशक,
ई–डिस्ट्रिक्ट इन्टीग्रेशन
एन.आई.सी.
सरोजनी नायडू मार्ग, योजना भवन
लखनऊ।

संख्या– 434 /भू0ज0वि0/जी0डब्लू0एक्ट(पोर्टल) जुलाई, 7, 2021

विषयः जनहित गारण्टी अधिनियम से आच्छादित सेवाओं को ई–डिस्ट्रिक्ट के साथ इण्टीग्रेशन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विभाग के पत्र सं0 1659/भू0ज0वि0/जी0डब्लू0एक्ट(पोर्टल) लखनऊ दिनांक 17.02.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 के पोर्टल (www.upgwdonline.in) पर उपलब्ध ऑनलाइन सेवाओं का इन्टीग्रेशन मा0 मुख्यमंत्री जी के डैशबोर्ड (दर्पण), निवेश मित्र पोर्टल, ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल एवं राजकोष पोर्टल से कराया जाना प्रस्तावित था।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध जनहित गारण्टी अधिनियम से आच्छादित सेवाओं को निवेष मित्र पोर्टल एवं दर्पण पोर्टल से इंटीग्रेट किया जा चुका है तथा ई–डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड से इण्टीग्रेशन का कार्य किया जाना शेष है।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभागीय सेवाओं को ई–डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड से इंटीग्रेट करने का कष्ट करें। उल्लेखनीय है कि इस विषयक एक शासनादेश शासन स्तर से जारी किये जाने सम्बन्धी कार्य प्रगति पर है, शासनादेश जारी होते हुए एक प्रति आपको उपलब्ध कराई जायेगी।

भवदीय,

(वी0के0 उपाध्याय)
निदेशक